


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 15 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 78 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया











# नीतीश रिटर्न!

## प्रधानमंत्री ने दिया स्पष्ट संकेत, सुशासन बाबू ही चलाएंगे प्रदेश

● मुख्यमंत्री बने रहने की तमाम आशंकाएं खारिज

● ताजपोशी की तैयारी में जुटे समर्थक




**पटना।** बिहार में एनडीए को मिली प्रचंड जीत के बात पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश को लेकर बड़ी बात कही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए की जीत को 'सुशासन की जीत' करार दिया। पीएम मोदी का ये बयान को नीतीश कुमार के आगे भी मुख्यमंत्री बने रहने के समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। बिहार में एनडीए को मिली बड़ी जीत के बाद मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा,' नीतीश अपने समर्थकों के बीच 'सुशासन बाबू' के नाम से लोकप्रिय हैं और पिछले 20 वर्षों में कानून-व्यवस्था और विकास में सुधार लाकर बदलाव लाने का दावा करते हैं। बिहार की यह विकास की जीत हुई है। लोक कल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है।' उन्होंने नीतीश के मुख्यमंत्री बने रहने की आशंकाओं को दूर करते हुए कहा, 'मैं एनडीए के सभी नेताओं को उनके शानदार काम के लिए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके नेतृत्व के लिए बधाई देता हूं।' उन्होंने नीतीश के मुख्यमंत्री बने रहने की आशंकाओं को दूर करते हुए कहा, जबकि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बता दें कि बिहार चुनाव के रिजल्ट आने के बाद बीजेपी के 89, जदयू को 85, लोजपा (आर) को 19, हम को 5 और आरएलएम को 4 सीट मिली है। जिसके बाद से ही विपक्ष लगातार ये दावा कर रही थी कि भाजपा नीतीश को दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी।

### भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को पार्टी से निकाला

**पटना।** बिहार चुनाव के नतीजों के तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा अनुशासनात्मक कदम उठाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया। पार्टी ने आधिकारिक पत्र जारी कर स्पष्ट किया कि सिंह की लगातार विवादित और पार्टी-लाइन से परे की गई बयानबाजी को देखते हुए यह कार्रवाई अनिवार्य हो गई थी। आरके सिंह कई दिनों से NDA नेतृत्व, उम्मीदवारों और बिहार सरकार पर गंभीर आरोप लगा रहे थे। उन्होंने न सिर्फ गठबंधन के कुछ उम्मीदवारों की साख पर सवाल उठाए बल्कि सार्वजनिक मंचों से लोगों से अपील की कि 'ऐसे लोगों को वोट देने से अच्छा है, चुल्लू भर पानी में डूब मरना।' इस बयान ने भाजपा के भीतर और बाहर तीखी प्रतिक्रिया पैदा की थी

### दसवीं बार ताज पहनेंगे नीतीश

बिहार में एनडीए की जीत के बाद नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। उन्हें 'सुशासन बाबू' के नाम से जाना जाता है और वे दसवीं बार मुख्यमंत्री बनेंगे। जेडीयू ने 2020 में 85 सीटें जीतीं, जिससे पता चलता है कि नीतीश कुमार गठबंधन में वोट ट्रांसफर करने में सक्षम हैं। उनकी विशिष्टता यह है कि वे सभी जातियों के बीच ऐसा कर सकते हैं। नीतीश कुमार को 'मिस्टर क्लीन' की छवि भी प्राप्त है।

## मोदी ने पहनी आदिवासी पोशाक, किया रोड शो

**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात पहुंचे। उन्होंने सूरत में बन रहे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का जायजा लिया। इसके बाद नर्मदा जिले के डेडियापाडा पहुंचे और देवमोगरा मंदिर में पंडोरी माता की पूजा-अर्चना की। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। पूजा के बाद पीएम ने डेडियापाडा में रोड शो किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। रोड शो के बाद पीएम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में शामिल होंगे।

## मस्जिदों की चेकिंग, अल-फलाह यूनिवर्सिटी के 15 डॉक्टर अंडरग्राउंड

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में शनिवार को पुलिस मस्जिदों की चेकिंग कर रही है। इमामों से पूछताछ कर उनका वेरिफिकेशन किया जा रहा है। कॉलोनियों में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। खासतौर पर जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक रखने वालों के घरों की तलाशी ले रही है। इसके अलावा, दिल्ली ब्लास्ट में सीधा कनेक्शन जुड़ने के बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी में क्राइम ब्रांच, दिल्ली पुलिस, यूपी एटीएस, गुरुग्राम एसटीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस डेरा डाले हुए हैं। यहां से अब तक डॉ. मुजम्मिल, लेडी डॉक्टर शाहीन सईद, यूनिवर्सिटी की मस्जिद के मौलवी इश्तियाक और एचआर विभाग में काम करने वाले जमील को आतंकी गतिविधियों के आरोप में पकड़ा गया है।

## बिहार में चुनाव में गड़बड़ियों का सुबूत दो हफ्तों में देगी कांग्रेस



**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली में पहली समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन मौजूद रहे। बैठक में नेताओं ने चुनाव नतीजों की समीक्षा की, संगठन की कमियों पर चर्चा की और आगे की रणनीति को लेकर सुझाव दिए। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अब समझने की कोशिश कर रही है कि बिहार में इतनी बड़ी हार क्यों हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी गड़बडियों के सबूत इकट्ठा कर रही है। 2 हफ्तों में देश के सामने रखेंगे।

## एक ही परिवार के पांच लोगों की बन गयी अग्नि समाधि, पांच अन्य झुलसे

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर बाजार में एक घर में आग लग गई। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जल गए। इन सभी की मौत हो गई है। वहीं चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। आग को लेकर इलाके में अफरातफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है। बताया गया कि लाल बाबू गुप्ता के घर में शुक्रवार की देर रात आग लगी। इसी में सभी लोग चपेट में आ गए। सभी लोग घर में सोए हुए थे। सूचना पर मोतीपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। मृतकों में ललन शाह, उनकी मां, पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। पांच घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 'हम क्यों और कैसे हार गए' की होगी गहन समीक्षा : राहुल

● बिहार में मिली करारी शिकस्त के बाद राहुल गांधी का पहला रिएक्शन




**नई दिल्ली।** बिहार में पार्टी की शर्मनाक हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में, कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। शुक्रवार को जब यह स्पष्ट हो गया कि महागठबंधन 40 सीटों से आगे नहीं बढ़ पाएगा, जबकि एनडीए 243 सदस्यीय विधानसभा में 202 सीटें जीतने में कामयाब रहा, परिणाम आश्चर्यजनक थे और बड़ी लड़ाई 'संविधान और लोकतंत्र की रक्षा' के लिए है। उन्होंने बिहार में मतदाता अधिकार यात्रा भी निकाली थी, गांधी ने लिखा, 'मैं बिहार के उन लाखों मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने महागठबंधन में अपना विश्वास व्यक्त किया। बिहार में यह परिणाम वास्तव में आश्चर्यजनक है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था।' 'यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है। कांग्रेस पार्टी और गठबंधन इस परिणाम की गहन समीक्षा करेगा और लोकतंत्र को बचाने के अपने प्रयासों को और भी प्रभावी बनाएगा।'

## पाकिस्तान से आए हथियारों से देश में बड़े हमले की थी तैयारी

● गुजरात एटीएस ने किया आईएसआई की साजिशों को नाकाम, आतंकी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जिस पर पंजाब पुलिस ने हथियारों की तस्करी और आतंकवादी हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया है। एटीएस ने अपने बयान में कहा कि गिरफ्तार शख्स का नाम गुरप्रीत सिंह, जिसे गोपी बिल्ला के नाम से भी जाना जाता है। उसे पंचमहल जिले के हलोल शहर से गिरफ्तार किया गया। इस बात की जानकारी पंजाब पुलिस ने एटीएस को साझा की थी। एटीएस के बयान में आगे बताया गया कि गुरप्रीत सिंह को पंजाब पुलिस को सौंपा जाएगा। हाल ही में पंजाब के गुरदासपुर जिले में कुछ लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे, जिन पर ग्रेनेड विस्फोट और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी नेटवर्क की मदद करने का आरोप है।




## बिरसा मुंडा जयंती पर राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति, मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** आज बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। इस मौके पर संसद परिसर में स्थापित धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संसद परिसर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोक सभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत कई मंत्रियों और केंद्रीय कर्मियों ने बिरसा मुंडा को नमन किया। झारखंड में जन्मे मां भारती के इस सपूत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखे संदेश में झारखंड के स्थापना दिवस पर बधाई देने के साथ-साथ बिरसा मुंडा को भी नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक्स हैंडल पर लिखे संदेश में कहा, 'देश के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जी को उनकी 150वीं जयंती पर शत-शत नमन।

## किसी का घर मत गिराइए

● उमर नबी का मकान ध्वस्त किए जाने का महबूबा ने किया विरोध



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने दिल्ली बम विस्फोट में लिप्त आतंकियों व उनके सफेदपोश मॉड्यूल के सदस्यों के मकान गिराए जाने व उनके परिजनों को हिरासत में लिए जाने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में धमाका करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन उनके मकान गिराना, उनके अन्य परिजनों का जिनका इस घटना से कोई वास्ता नहीं हैं, सही नहीं है। पुलिस द्वारा जिस तरह से बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लिया जा रहा है, उससे लोगों में डर पैदा हो गया है। उल्लेखनीय है कि लाल किले के पास विस्फोट में लिप्त आतंकी डॉ. उमर नबी का कोइल पुलवामा स्थित मकान गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि को एक विस्फोट में ध्वस्त किया गया है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जिस तरह से गिरफ्तारियों का सिलसिला शुरू है, उससे लोग खौफ़जदा हैं।

## दिल्ली एनसीआर में सांसों पर संकट पाबंदियां बेअसर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर की हवा एक बार फिर लोगों की सांसों पर बोझ बन गई है। तापमान में गिरावट, हवा की गति धीमी होने और लगातार बढ़ते प्रदूषण स्रोतों के कारण राजधानी दिन-ब-दिन धुंध की मोटी चादर में लिपटती जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, रोज़ाना बढ़ता पीएम 2.5 और पीएम 10 स्तर इस बात का संकेत है कि दिल्ली की हवा अब खतरनाक श्रेणी को पार कर 'गंभीर' स्थिति में पहुंच गई है। इस बीच, कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) बेहद खराब स्तर पर दर्ज किया गया। वजीरपुर 556 AQI के साथ सबसे अधिक प्रदूषित रहा, वहीं सोनिया विहार में 500 और बुराड़ी में 477 दर्ज किया गया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 23.8°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 15 नवम्बर, शनिवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





# दालमंडी में धमकी पुलिस

## दुकान खाली करने का अल्टीमेटम, दिनभर लगा रहा प्रशासनिक अधिकारियों तांता



**● कई दुकानदारों का मामला अदालत में विचाराधीन, कुछ ने ले रखा स्टे आर्डर**

**वाराणसी।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण को लेकर शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई फिर से शुरू की गई। भारी फोर्स के साथ वीडीए द्वारा चिन्हित 12 भवन में से पहले भवन पर कर्रवाई शुरू हो गई है। साथ ही दुकानदारों को 10 मिनट के अंदर मकान खाली करने को बोला गया है। इसके साथ ही में सुबह से पीडब्ल्यूडी और वीडीए के अधिकारी चौक से नई सड़क तक मुनादी करते रहे। कई ऐसे भवन स्वामी व दुकानदार हैं, जिनका मामला कोर्ट में लंबित है या स्टे ऑर्डर ले कर बैठे हैं। दालमंडी चौड़ीकरण योजना में 10 मीटर सड़क चौड़ी होगी। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी के अनुसार दालमंडी में दोनों तरफ 10 (पांच-पांच) मीटर की सड़क, 6.4 (3.2-3.2) मीटर का फुटपाथ और एक (आधा-आधा) मीटर की केसी ड्रेन नाली है। इस प्रकार कुल 17.4 मीटर में काम होगा। फुटपाथ के नीचे सभी जनसुविधाओं को भूमिगत किया जाएगा। दालमंडी में कल शुक्रवार को भी चार भवनों की नापी हुई। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिस बल के साथ चौक से नई सड़क तक मुनादी कराई। सत्तार मार्केट की रजिस्ट्री की कार्रवाई पूरी की गई। 12 दुकानें खाली करने का नोटिस दिया गया। पिछले दिनों नई सड़क लंगड़ा हाफिज मस्जिद स्थित मुख्तार खान और अन्नान खान उर्फ पप्पू नाटे के भवन को चिह्नित कर नापी कराई गई थी। सुबह से रात तक पुलिस की आवाजाही लगी रही। सामान्य दिनों की तरह खरीदारी होती रही। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि बेनियाबाग में उन्हें बसाया जाए। प्रशासन उन्हें लोहता और मोहनसराय में बसाने की बात कर रहा है जो दुकानदारों को स्वीकार नहीं है। बता दें कि बीते बुधवार को दालमंडी चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी द्वारा फोर्स के साथ एक दुकान की नापी की गई थी।। तीन दर्जन से ज्यादा दुकानों पर लाल निशान लगा कर चिह्नित किया गया। एक भवन से संबंधित दस्तावेज सत्यापन के लिए पीडब्ल्यूडी के कैंप कार्यालय में जमा हुए। अफसरों ने कहा कि चौड़ीकरण का काम तो जरूर होगा और चिह्नित किए गए भवन भी तोड़े जाएंगे। इस पर व्यापारियों ने मांग रखी है कि उन्हें बेनियाबाग में दुकानें तैयार करके दे दी जाएं। इस पर अफसरों ने उनसे कहा है कि मोहन सराय और लोहता क्षेत्र में दुकानें ले लें। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम फोर्स के साथ पहुंची और दुकानों की नापी की। 35 दुकानों पर लाल निशान लगाए गए। एक भवन से संबंधित दस्तावेज सत्यापन के लिए पीडब्ल्यूडी के कैंप कार्यालय में जमा हुए। साथ ही में सुबह से पीडब्लूडी और वीडीए के अधिकारी चौक से नई सड़क तक मुनादी करते रहे। एक तरफ ऐसे भवन स्वामी और दुकानदार जिनका मामला कोर्ट में लंबित है या जो कि कोर्ट से स्टे ऑर्डर ले कर बैठे है। अधिकारियों के पहुंचने पर उनको अपने कोर्ट का आदेश दिखाते हुए दिखे और कागजात के बारे में जानकारी देते दिखे। वहीं दूसरी तरफ इस कार्रवाई से कुछ दुकानदारों में नाराजगी भी है। इससे पहले डीएम के साथ दुकानदारों की एक बैठक भी हुई थी।

## वीकेएम में एनएसएस का विशेष शिविर 'जनजाति गौरव दिवस' पर निबंध प्रतियोगिता

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वसंत कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शोधकर्ता और वक्ता डॉ गंगेश शाह गोंडवाना (अस्सिटेंट रजिस्ट्रार, आई.आई.टी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत NSS स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत लक्ष्य गीत से हुई। प्राचार्या प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव ने स्वागत वक्तव्य देते हुए बाल दिवस एवं राष्ट्रीय जनजातीय दिवस के अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। शालिनी गुप्ता स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा ने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भाषण की प्रस्तुति दी। इसके पूर्व जनजाति गौरव दिवस विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।



## पैनासिया हॉस्पिटल ने निकाली जनजागरूकता रैली

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर पैनासिया हॉस्पिटल, कबीरनगर द्वारा हृदयरोग, मधुमेध एवं गुर्दा रोग की रोकथाम एवं समय पर पहचान के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 14 नवं. शुक्रवार को जनजागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, अस्पताल कर्मचारी, विद्यार्थी व आम नागरिक शामिल रहे।

## आर.एस. कॉन्वेंट सैनिक स्कूल में सांस्कृतिक गरिमा के मनाया गया बालदिवस

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** लेढ़ूपुर स्थित आर.एस. कॉन्वेंट सैनिक स्कूल में बाल दिवस अत्यन्त भव्यता, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा विविध एवं आकर्षक स्टॉल लगाए गए साथ ही इस मौके पर रंगारंग मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की जिससे पूरा परिसर उल्लास और जीवंतता से भर उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नन्हे सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच) तथा विशिष्ट अतिथि उमेश सिंह वरिष्ठ सलाहकार जी.एन.आई.ओ.टी. ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या सिंह ने विद्यार्थियों की कार्य कुशलता को सराहा। चेयरमैन सुदामा सिंह बच्चों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजकुमार जायसव ाल, सारिका सिंह, जे.पी. सिंह. ए.के.त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय, आनंद रतन मिश्रा, योगेन्द्र नारायण चौबे आदि उपस्थित रहे।

## 65वें वार्षिक दिवस पर बीएचयू में लगेगा 48 घंटे लगेगा स्वास्थ्य मेला

**● 10 हजार मरीजों के इलाज का रखा गया है लक्ष्य, बनेगा 60 काउंटर पर 1000 स्टूडेंट्स देंगे सेवा**

**वाराणसी।** बीएचयू चिकित्सा विज्ञान संस्थान इस वर्ष अपना 65वां वार्षिक दिवस समारोह भव्य रूप से आयोजित करने जा रहा है। 17-18 नवंबर को संस्थान परिसर में भव्य सेहत मेले का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य मेला समन्वयक प्रो. वी.एन. मिश्रा ने बताया कि इस बार मेले में प्रवेश संस्थान के मुख्य द्वार से होगा, जहां जनता के लिए सभी सेहत सेवाओं की जानकारी विभिन्न माध्यमों से उपलब्ध कराई जाएगी। चिकित्सा विज्ञान संस्थान एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और इसी अवधारणा को ध्यान में रखते हुए मेले में लगभग 60 काउन्टर स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें संस्थान के 1000 छात्र भाग लेंगे। परीक्षण एवं परामर्श उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त जनमानस से जुड़े शोध कार्यों की जानकारी भी प्रस्तुत की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि इस बार काशी के रत्नों की झांकी भी आकर्षण का केंद्र होगी।

## का.हि.वि.वि. दीक्षांत समारोह 12 दिसंबर को

**वाराणसी।** बीएचयू के 105वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि नीति आयोग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग सदस्य डॉ. वीके सारस्वत होंगे। 12 दिसंबर को होने वाले मुख्य उपाधि वितरण समारोह में वह दीक्षांत संबोधन देंगे। सोमवार को बीएचयू ने छात्रों के लिए स्वीकृति फॉर्म भी जारी कर दिया। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से इसे भरकर जमा करना होगा। डॉ. वीके सारस्वत देश के जाने माने वैज्ञानिक हैं। वह डीआरडीओ के महानिदेशक और रक्षामंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार रह चुके हैं।

## मालवीय मार्केट में मनायी गयी पंडित नेहरू की जयंती



**वाराणसी।** जिला कांग्रेस कमेटी, आर टी आई विभाग के जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में शुक्रवार को मालवीय मार्केट स्थित मालवीय पार्क मे नेहरु जी के मूर्ति पर गुलाब की पंखुड़ी व माला पहनाकर व बच्चो के साथ उनको याद किया गया। कार्यक्रम मे संजय निगम, सुरेंद्र पांडेय,पवन टंडन, सतीश जायसवाल, हरिदास यादव, जितेंद्र मिश्रा, बब्लू यादव, डिम्पल सिंह, अब्दुल हफीज, मो0 अकरम, सुनील कन्नोजिया आदि लोग उपस्थित थे।

## सेंट जॉन्स स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया बालदिवस



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सेंट जॉन्स स्कूल, मढ़ौली के प्रांगण में शुक्रवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को नमन करते हुए रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया जो अत्यन्त सराहनीय रहा। प्रधानाचार्य सुसई राज ने विद्यार्थियों पंडित जवाहर लाल नेहरू के विचारों, उपलब्धियों और देश के विकास में उनकी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## सेंट्रल हिंदू स्कूल, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में लगा बाल मेला



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सेंट्रल हिन्दू स्कूल, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, का0हि 0वि0वि0, बरकछा मे बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य प्रभारी प्रो0 विनोद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, डॉ0 संदीप चौधरी व सलाहकार संतोष उपाध्याय मौजूद रहे। बच्चों द्वारा तरह-तरह की लगभग 25 स्टॉल लगाए गए। इस मौके पर प्राचार्या डॉ स्वाति अग्रवाल, शिक्षक विवेक प्रकाश, आनंद पाठक, डॉ0 रामनंद, अंजलि मौर्या, शैफाली दीक्षित, पूजा सिंह, सुशील कुमार तथा पीयूष आर्य, पिंकू, अनीता आदि उपस्थित रहीं।

## फ्लोरेंस स्कूल में लगा बाल मेला बच्चों ने लगाए आकर्षक स्टॉल



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर शुक्रवार को फ्लोरेंस स्कूल में बाल मेला लगा। मेला में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टाल लगाया और खानपान का आनंद लिया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार विश्वकर्मा ने जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश कुमार सिंह, प्रीति कुमारी, सुरेश कुमार, रुखसार सहित बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे।

## आशा ट्रस्ट ने बाल दिवस को खेल उत्सव के रूप में मनाया

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सामाजिक आशा ट्रस्ट द्वारा संचालित भंदहा कला (कैथी) स्थित अध्ययन केंद्र पर बाल दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी । क्षेत्र के भंदहाकला, राजवारी, कुर्सिया में ईंट भट्ठों पर काम कर रहे प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित आशा सामाजिक शिक्षण केन्द्रों के लगभग 100 बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल भी बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है इसे बाल अधिकारों में शामिल किये जाने की आवश्यकता है। आयोजन में प्रदीप सिंह, सरोज सिंह, दीन दयाल सिंह, रमेश प्रसाद, सौरभ चन्द्र, बृजेश कुमार, सनी, साधना पाण्डेय, श्वेता सिंह आदि की प्रमुख रूप से भूमिका रही ।




## खर्च करोड़ों का और सुरक्षा दो कौड़ी की

**● विगत तीन वर्षों में 635 चोरी, 29 छेड़खानी, 195 मारपीट और 24 छिनैती की घटनाएं दर्ज की गईं**



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जूनियर रेजिडेंट डाक्टरों ने एक लेटर भी कुलपति को दिया। इसके अलावा बाउंसरों पर भी मारपीट का आरोप बीएचयू के स्टूडेंट ने लगाया है। प्राक्टोरियल बोर्ड के आंकड़े और हाल ही में दो ख्यात प्रोफेसरों व डॉक्टरों पर हुए जानलेवा हमलों की घटनाएं इस बात की पुष्टि करती है। बीएचयू कैंपस की सुरक्षा पिछले कई वर्षों से निजी कंपनियों के हवाले है। इस समय परिसर में दो निजी कंपनियों प्रिंसिपल सिक्योरिटी एंड एलाइड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और एपी सिक्योरिटास प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कुल 948 सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। इनमें सुरक्षा पर्यवेक्षक, गनमैन और सुरक्षा गार्ड शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष सुरक्षा पर लगभग 44.50 करोड़ रुपए खर्च करने की स्वीकृति दी है। इसमें सर सुंदरलाल अस्पताल के लिए 10 करोड़, ट्रामा सेंटर की सुरक्षा के लिए 13.50 करोड़ और विश्वविद्यालय की अन्य इकाइयों के लिए करीब 21 करोड़ रुपए शामिल हैं। इसके बावजूद कैंपस की सुरक्षा स्थिति लगातार बिगड़ती दिख रही है। प्राक्टोरियल बोर्ड के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2022 से 31 अगस्त 2025 तक कुल 635 चोरी, 29 छेड़खानी, 195 मारपीट और 24 छिनैती की घटनाएं दर्ज की गई हैं। सिर्फ इस साल जनवरी से अगस्त 2025 के बीच ही 64 चोरी, एक छेड़खानी, 32 मारपीट और दो छिनैती के मामले सामने आ चुके हैं। सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई का हाल यह है कि इतने बड़े परिसर और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद केवल 19 पाकेटमार ही पकड़े जा सके, वह भी स्थानीय कर्मचारियों और आम जनता की मदद से। इससे सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी और लापरवाही साफ झलकती है।

जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## गोरखपुर समाचार

### पकड़ा गया नकली टाटा नमक



**गोरखपुर।** राजघाट थाना क्षेत्र के साहबगंज मंडी स्थित एक दुकान से 225 किलो नकली टाटा नमक मिला है। टाटा कंपनी के अधिकारी ने पुलिस के साथ छापा मारकर यह नमक पकड़ा है। नमक की पैकिंग एकदम असली टाटा जैसी थी। इसे आम लोगों के लिए पहचान पाना आसान नहीं है। राजघाट थाना पुलिस ने कंपनी के अधिकारी की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। एक्सपर्ट ने बताया-मिलावटी नमक के सेवन से पाचन तंत्र खराब हो सकता है। पेट से जुड़ी समस्या हो सकती हैं। लंबे समय तक नकली नमक का सेवन हृदय रोग, कैंसर, ऑस्टियोपोरासिस और किडनी की बीमारियों के खतरे को बढ़ा सकता है। नकली टाटा नमक मिलने से मंडी में हड़कंप मच गया है। दो माह पहले भी इसी इलाके से बड़ी मात्रा में नकली नमक की खेप पकड़े जाने के बाद यह कार्रवाई स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों पर सवाल खड़े करती है। दो महीने में दूसरी बार इस तरह का केस पकड़ में आने के बाद इस बात को बल मिला है कि शहर में नकली नमक का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## चंदौली समाचार

### 413 वाहनों का चालान

**चंदौली।** जिले में यातायात माह के तहत ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों की जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 413 वाहनों का चालान किया गया। इन वाहन स्वामियों से जुर्माने के तौर पर 5.23 लाख रुपये वसूल किए जाएंगे। यह अभियान जनपद के सभी प्रमुख मार्गों पर चलाया गया, जिसमें ट्रैफिक नियमों के पालन, हेलमेट की जांच और नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) आदित्य लांघे ने बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए यह जांच आवश्यक है। अभियान के तहत क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले वाहन चालकों, बिना हेलमेट और नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### टायर फटने से पिकअप पलटी, युवक की मौत, आठ घायल



**सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कूरेभार के जफरापुर के पास (123.8 किमी) बृहस्पतिवार देर रात पिकअप के दाहिनी ओर का पहिया का फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाराबंकी के जैदपुर कस्बा निवासी नौ लोग घायल हो गए। सड़क हादसे के बाद पिकअप पर लदा सामान एक्सप्रेसवे पर बिखर गया। इससे बीच का लेन बाधित हो गया। घायलों को सीएचसी भेजा गया, जहां इलाज के दौरान नूर आलम की मौत हो गई। यूपीडा के कर्मचारियों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर मार्ग बहाल कराया। बाराबंकी के जैदपुर कस्बा निवासी मो. कलीम (50) बृहस्पतिवार रात पिकअप पर सामान लादकर आजमगढ़ के मुबारकपुर मेले में दुकान लगाने जा रहे थे। पिकअप पर उनके साथ जैदपुर कस्बे के आठ अन्य लोग सवार थे। बृहस्पतिवार की रात करीब 11:10 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के जफरापुर गांव के पास पहुंचे थे, तभी हादसा हो गया। हादसे में नूर आलम (30), मो. गुफरान(26), रियाज अहमद (25), समद (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। मो. कलीम, मो. हफीज (35), मो. तुफैल (20), मो. सलमान उमर (18), वीर (16) को मामूली चोटें आईं।

## बलिया समाचार

### रास्ते के विवाद में मारपीट

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के बरवा गांव में शनिवार सुबह रास्ते की जमीन पर निर्माण को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में तीन महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब गांव के पदुम चौहान के परिजन रास्ते की जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे। मनोज चौहान ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई और फिर बात मारपीट तक पहुंच गई। मारपीट के दौरान छतों से ईंट-पत्थर भी फेंके गए और लोग हाथों में लाठियां लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस घटना में मनोज चौहान के पक्ष से कुमारी अंशु, कौशल्या और चंद्रकला गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं, परमेश्वर चौहान को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सोनभद्र समाचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत



**सोनभद्र।** बीजपुर थाना क्षेत्र के सिरसोती नर्सरी के पास शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए दुद्धी भेज दिया।

दुर्घटना के बाद युवक सड़क पर लहूलुहान पड़ा था। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे अपने निजी साधन से धन्वंतरी चिकित्सालय, एनटीपीसी रिहंद नगर पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की जांच पड़ताल में मृतक की पहचान सुरेंद्र सोनी (28) पुत्र कमला प्रसाद सोनी के रूप में हुई। वह हिरवाह, थाना बैढ़न, सिंगरौली, मध्य प्रदेश का निवासी था। सुरेंद्र शुक्रवार रात अपने ससुराल नेमना गांव, थाना बीजपुर आ रहा था, तभी वह इस दुर्घटना का शिकार हो गया। मृतक के पिता कमला प्रसाद सोनी ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। उपनिरीक्षक दुनिया सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## देवरिया समाचार


### सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

**भागलपुर।** सड़क हादसे में घायल बाइक सवार अधेड़ की इलाज के दौरान गोरखपुर के एक निजी हॉस्पिटल में बृहस्पतिवार की शाम मौत हो गई। 15 दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के उसरहा मोड़ के समीप दो बाइक की टक्कर में अधेड़ घायल हो गए थे। लार थाना क्षेत्र के देवसिया गांव निवासी नंदजी यादव 30 अक्तूबर को बाइक से सलेमपुर जा रहे थे। तभी सलेमपुर-बरठा मार्ग के उसरहा चौराहे के समीप पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया, जिससे नंदजी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिवार के लोगों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां से रेफर होने के बाद गोरखपुर के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज करा रहे थे। इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की शाम उनकी मौत हो गई। परिवार के लोग उनका शव लेकर घर पहुंचे।

## गाजीपुर समाचार

### पांच लोगों की मौत, कैशियर को हॉर्टअटैक, ट्रेन से कटा युवक, बालिका को डंपर ने कुचला





**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के हाटा पुल के पास शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार डंपर से कुचलकर बालिका सोनाली गोड़ (13) की मौत हो गई। वह किसी काम से बाजार गई थी, वहां से पैदल ही घर लौट रही थी। इधर हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। कोतवाल रामसजन नागर ने बताया रघुवरगंज निवासी बबलू गोड़ की पुत्री सोनाली गोड़ सुबह किसी काम से मुहम्मदाबाद बाजार गई थी। वहां से घर वापस लौट रही थी। हाटा पुल के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने बालिका को टक्कर मार दी और कुचलकर मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया गया। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि बालिका सोनाली गोड़ अपने परिवार में तीसरे नंबर पर थी। परिवार में पांच बहन और एक भाई है। पिता बबलू गोड़ किसी प्रांत में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया है। परिजनों के रोने-बिलखने से गांव के लोगों की भीड़ दरवाजे पर जुट गई। ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे। कोतवाल रामसजन नागर ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डंपर को चिह्नित करने के साथ तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। मरदह थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार स्थित जिला सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा मरदह के कैशियर की बैंक में सोते समय हॉर्टअटैक से मौत हो गई। एडीओ सहकारिता विद्याप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि करंडा थाना क्षेत्र के चाड़ीपुर गांव निवासी त्रिभुवन शर्मा (54) तीन वर्षों से शाखा में कैशियर के पद पर कार्यरत थे। वह ड्यूटी खत्म होने के बाद बैंक में ही रात्रि निवास करते थे। गुरुवार की देर रात बैंक के अंदर सो गए थे।

## भदोही समाचार

### लापरवाही में एडीओ निलंबित, कोटेदार की होगी जांच

**ज्ञानपुर।** जिले के छह ब्लॉक की 87 ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। नामित नोडल अफसरों ने जनता की समस्याएं सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया। ज्ञानपुर ब्लॉक के देवाजीतपुर गांव में आयोजित चौपाल का डीएम शैलेष कुमार ने औचक निरीक्षण किया। डीएम के पहुंचते ही अफसरों में खलबली मच गई। काम के प्रति लापरवाही में एडीओ को निलंबित कर दिया, जबकि कोटे की दुकान का जांच का निर्देश दिया। चौपाल में डीएम ने ग्रामीणों और विभागीय अधिकारियों से योजनाओं और सेवाओं की जानकारी ली। ग्राम विकास अधिकारी चंद्रशेखर से जब डीएम ने वोटर डुप्लीकेट वेरिफिकेशन, जॉबकार्ड, पीएम आवास योजना, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान की सूची का गूगल शीट सत्यापन, मनरेगा श्रमिकों की संख्या एवं अन्य चल रही गतिविधियों की स्थिति पूछी तो वह सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके।

## आजमगढ़ समाचार

### 13 शस्त्र धारकों के लाइसेंस निलंबित



**आजमगढ़।** पुलिस ने कानून-व्यवस्था और लोकशांति बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई की है। जिले के 13 शस्त्र लाइसेंस धारकों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। ये सभी व्यक्ति विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए थे, जिनके विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं और जिनकी वजह से जनपद में भय व असुरक्षा की स्थिति पैदा हो रही थी। एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई के साथ अब तक कुल 29 शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं। जयराम यादव निवासी बम्हौर (लक्षनपुरा) थाना मुबारकपुर, मदन यादव निवासी मोहब्बतपुर (रौजा), थाना मुबारकपुर, अब्दुल समद निवासी इब्राहिमपुर, थाना मुबारकपुर, मनोज कुमार यादव निवासी गण्डी, थाना फूलपुर, मनोज सिंह निवासी पाही जमीन पाही, थाना मुबारकपुर, मुहम्मद आजम निवासी भावारायपुर पट्टी टण्डन राय, थाना बिलरियागंज, इरफान अहमद निवासी पुरानुरम फूलपुर, थाना फूलपुर, जिलेदार यादव निवासी बैसर संसारपुर, थाना निजामाबाद, मनोज कुमार यादव निवासी गण्डी, थाना फूलपुर, राहुल सिंह निवासी पाही जमीन पाही, थाना मुबारकपुर, राम सेवक चौहान निवासी आलमपुर, थाना अहरौला, राम सुरेश निवासी गोसड़ी, थाना दीदारगंज और सत्यप्रकाश राय निवासी कोइलारी, थाना जहानागंज शामिल हैं।

## मऊ समाचार

### ईंट भट्ठा संचालक जल्दी जमा करें रॉयल्टी, 30 नवंबर के बाद लगेगा ब्याज

**मऊ।** नवंबर के 14 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक जिले के मात्र 11.53 फीसदी ईंट भट्ठा संचालकों ने रॉयल्टी जमा की है। आगामी 30 नवंबर तक रॉयल्टी जमा नहीं करने पर खनन विभाग की ओर से ब्याज लगाया जाएगा। मार्च 2026 तक ब्याज जमा नहीं करने वालों को तीन बार आरसी जारी होगा। उसका भी जवाब नहीं देने पर संबंधित ईंट भट्ठे को सीज कर दिया जाएगा। जिले में 260 ईंट भट्ठे संचालित हैं, इनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रॉयल्टी जमा कराई जा रही है। वर्ष 2024-25 में 246 ईंट भट्ठा संचालकों ने 2.99 करोड़ 22 हजार रुपये रॉयल्टी जमा कराई थी। 14 ईंट भट्ठों पर रॉयल्टी जमा नहीं कराने पर ब्याज लगाया गया था। आरसी जारी करने पर बीते माह चार संचालकों ने ब्याज सहित रॉयल्टी की धनराशि जमा कर दी।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ''कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत'' के सम्बन्ध में संगोष्ठी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी, पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में ''कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विक.सित भारत'' के सम्बन्ध में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन राजीव गॉधी साउथ कैम्पस, बी0एच0यू0 बरकछा मीरजापुर के न्यू व्याख्यान कक्ष में सम्पन्न कराया गया, इस संगोष्ठी कार्यक्रम में राज्य मद्य निषेध अधिकारी उत्तर प्रदेश, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, प्रभारी आचार्य राजीव गॉधी साउथ कैम्पस, बी0एच0यू0 बरकछा मीरजापुर, उप निदेशक समाज कल्याण विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर, क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी वाराणसी/मीरजापुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ ही साथ जनपद मीरजापुर के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के



लगभग 350 प्राचार्य/प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिभाग किया गया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी, द्वारा कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुये अपने सम्बोधन में कहा कि कर्म योग का अर्थ है फल की ईच्छा या परिणामों की चिन्ता किये बिना, अपने कर्तव्यों को समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाना।

कर्मयोगी का तात्पर्य एक ऐसा व्यक्ति है, जो फल की ईच्छा किये बिना निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों को पूर्ण करता है। कर्मयोगी अपने सभी कार्यो को भगवान को समर्पित करता है और सांसारिक लाभ–हानि के प्रति समान भाव रखता है, क्योंकि वह समझता है कि सच्चा सुख संसार में नहीं अपितु भगवान में है। साथ ही नशे की लत के मुख्य कारणों, उससे होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत प्रभाव एवं नशे की लत से मुक्ति के उपायों के बारे में अवगत कराते हुये सभी नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपेक्षा की गयी है। विकसित भारत के संदर्भ में सम्बोधन में कहा कि 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से उन्नत, सामाजिक रूप से समानता वाला राष्ट्र बनाना है।

## जौनपुर समाचार

### सड़क हादसों में छात्रा समेत दो की मौत

**जौनपुर।** जिले के तीन अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक छात्रा समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

पहली दुर्घटना केराकत–जौनपुर मार्ग पर देवकली के पास शुक्रवार सुबह हुई। पिकअप की चपेट में आने से चौकिया नई बाजार निवासी उजाला (17) और पिंकी (16) घायल हो गईं। दोनों छात्राएं पिकअप में फंसकर पचास मीटर तक घिसटती चली गईं। दोनों छात्राओं को राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत पहुंचाया। यहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उजाला (17) को मृत घोषित कर दिया। उजाला पब्लिक इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं में पढ़ती थी और रोज की तरह सुबह 6 बजे कोचिंग के लिए घर से निकली थी। दूसरी छात्रा पिंकी, का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद चालक पिकअप सहित मौके से भाग। मुंगरा बादशाहपुर क्षेत्र में दूसरी दुर्घटना हुई। क्षेत्र के गौरैयाडीह (सटवां दुबान) गांव निवासी प्रयागराज दुबे (80) शुक्रवार की दोपहर पैदल मुंगराबादशाहपुर के प्रतापगढ़ रोड पर स्थित दौलतिया हनुमान मंदिर दर्शन करने गए थे। दर्शन कर लौटते समय पीछे से आ रही एक तेज बाइक ने टक्कर मार दी जिससे प्रयागराज दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में ले आए जहां चिकित्सक गंभीर हालत देख प्रयागराज रेफर कर दिए। यहां शाम चार बजे इलाज के दौरान प्रयागराज की मौत हो गई।

## प्रयागराज समाचार

### महिला की गर्दन में घुसा मिला चाकू, दहेज हत्या के आरोप



**प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के लोहगरा बाजार निवासी सुषमा द्विवेदी (28) का शव शुक्रवार दोपहर कमरे में खून से लथपथ अवस्था में मिला। उसकी गर्दन में चाकू घुसा मिला। दहेज हत्या के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पति रोहित द्विवेदी को हिरासत में ले लिया है। वहीं पति ने पुलिस को बताया कि पत्नी सुषमा ने आत्महत्या की है। शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का खुलासा होगा। बारा पुलिस मामले की जांच कर रही है। लालापुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कचरा निवासी रोहित द्विवेदी पीपीजीसीएल बारा में गार्ड की नौकरी करता है। वह अपनी पत्नी सुषमा के साथ तीन माह से लोहगरा बाजार में संतोष गुप्ता के घर में किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। शुक्रवार सुबह रोहित ड्यूटी पर चला गया। दोपहर में पत्नी ने उसे फोन किया लेकिन वह बात नहीं कर सका। कुछ देर बाद उसने पत्नी को फोन किया लेकिन वह उठा नहीं।

इस पर उसने मकान मालिक को फोन किया और पत्नी से बात कराने को कहा। मकान मालिक ने बताया कि दरवाजा अंदर से बंद है। इसके बाद वह घर पहुंचा और दरवाजा तोड़ कर अंदर गया तो पत्नी खून से लथपथ पड़ी थी। दोपहर करीब 12:30 बजे उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बारा पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बारा थाना के लोहगरा बाजार में चाकू से अपने को घायल कर आत्महत्या कर ली है। मृतका के पति ने बताया कि शादी के पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई संतान नहीं थी, पति-पत्नी में बच्चे को लेकर अक्सर विवाद होता था। शुक्रवार को वह अपनी साली और पत्नी से कांफ्रेंस में बात कर रहा था। उसके बाद ही फोन बंद हो गया और घटना घट गई। वह तीन माह से पत्नी को लेकर लोहगरा में रह रहा है। लगभग एक वर्ष पहले भी वह अपनी नश काट कर आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थी, लेकिन समय से जानकारी होने पर बचा लिया गया था।

## लाइफ मंत्र

### घर में शिवलिंग स्थापित करते समय इन 5 नियमों का रखें ध्यान, बदल जाएगी आपकी किस्मत!



घर में शिवलिंग स्थापित करने के लिए वास्तु नियमों का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उत्तर या ईशान कोण में अंगूठे के आकार का एक ही शिवलिंग रखें और खंडित मूर्ति से बचें ताकि भगवान शिव की कृपा से घर में सुख-शांति बनी रहे। शिवभक्त अपने घर के मंदिर में शिवलिंग रखने की चाहत जरुर रखते हैं। घर में शिवलिंग रखना बेहद शुभ भी माना जाता है। धार्मिक मान्यता अनुसार, घर में स्थापित शिवलिंग की नियमित रूप से पूजा-अर्चना करने और जल चढ़ाने से भक्तजन को भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। अगर आप भी अपने घर में शिवलिंग स्थापित करना चाहते हैं, तो इन 5 बातों का ध्यान रखें।

**किस दिशा में शिवलिंग रखें**

घर में शिवलिंग स्थापित करने के लिए उत्तर दिशा या उत्तर-पूर्व दिशा (जिसे ईशान कोण कहा जाता है) को सबसे शुभ माना गया है। वास्तु शास्त्र के अनुसार इन दिशाओं में शिवलिंग स्थापित करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसके साथ ही, यह भी ध्यान रखें कि शिवलिंग की जलाधारी, जिससे जल बाहर निकलता है, हमेशा उत्तर या पूर्व दिशा की ओर ही होनी चाहिए।

**सही आकार**

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर में अंगूठे के आकार जैसा शिवलिंग रखना शुभ होता है। अपने घर में ज्यादा बड़ा या ज्यादा छोटा शिवलिंग रखने से बचना जरुरी है।

**कितने शिवलिंग रखे जा सकते हैं**

वास्तु शास्त्र के मुताबिक, अपने घर में एक से अधिक शिवलिंग नहीं रखना चाहिए। अन्यथा अच्छे परिणाम नहीं मिलते हैं। अगर आपके घर में एक से ज्यादा शिवलिंग है, तो यह वास्तुदोष का कारण बन जाएगा।

**इस तरह का शिवलिंग न रखें**

घर के मंदिर में कभी भी खंडित शिवलिंग नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से नकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। यदि आपका शिवलिंग खंडित हो गया है, तो अपनी गलतियों को क्षमा मांगकर, इसको आप बहते हुए जल में प्रवाहित कर सकते हैं। ऐसा करने से आपको बुरे परिणाम मिलेंगे।

**इन बातों का रखें ख्याल**

इस बात का ध्यान रखें कि शिवलिंग को कभी भी सीधा जमीन पर नहीं रखना चाहिए। इसे किसी चौकी या साफ-सुथरे स्थान पर रखें। कभी भी अपने बेडरूम में शिवलिंग को स्थापित नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से नकारात्मकता घर में आ जाती है।

## बिग बॉस 19 में कुणिका सदानंद ने मालती चाहर के बारे में किया बड़ा दावा



बिग बॉस 19 के हालिया एपिसोड में कुणिका सदानंद बेडरूम में तान्या मित्तल से बात करती नज़र आईं। जैसा कि सभी जानते हैं, घर में मालती चाहर की तान्या मित्तल और फरहाना भट्ट से कई बार बहस हुई। एपिसोड में टास्क को लेकर उनकी और फरहाना के बीच तीखी बहस हुई। जैसे-जैसे बिग बॉस 19 अपने अंत के करीब आ रहा है, इंटरनेट यूज़र्स इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि सलमान खान के शो के फाइनल में कौन पहुँचेगा। घरवाले अब एक-दूसरे का मज़ाक उड़ा रहे हैं। लेकिन जब कुणिका सदानंद ने घर में मालती चाहर के यौन अभिविन्यास का मुद्दा उठाया, तो सभी हैरान रह गए। उन्होंने मालती को 'लेस्बियन' कहा। बिग बॉस 19 के हालिया एपिसोड में कुणिका सदानंद बेडरूम में तान्या मित्तल से बात करती नज़र आईं। जैसा कि सभी जानते हैं, घर में मालती चाहर की तान्या मित्तल और फरहाना भट्ट से कई बार बहस हुई। एपिसोड में टास्क को लेकर उनकी और फरहाना के बीच तीखी बहस हुई।

**बिग बॉस 19 में कुणिका सदानंद ने मालती चाहर के बारे में किया बड़ा दावा**

यह सब तब शुरू हुआ जब तान्या मित्तल ने कुणिका से कहा कि वह टास्क के दौरान मालती से नाराज़ थीं क्योंकि उन्होंने उन्हें थाली से मारने की कोशिश की थी। तान्या ने अपना गुस्सा ज़ाहिर किया, तो कुणिका उनके पास आईं और दावा किया कि उन्हें मालती के लेस्बियन होने का पूरा यकीन है। कुणिका ने कहा, 'एक चीज़ बोलना है, तो ऐसा है ये जो मालती मैडम ना, मुझे पूरा यकीन है कि वह लेस्बियन हैं। उनके हाव-भाव और उनके बोलने का तरीका भी कुछ ऐसा ही लग रहा है। इस पर ध्यान दीजिए।' हालाँकि, तान्या ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

**नए एपिसोड में और क्या हुआ?**

बिग बॉस 19 के घर में कई मुकाबलों के साथ तनाव बढ़ा, वफ़ादारी बदली और भावनाएँ चरम पर पहुँचीं। अमाल की फरहाना से तीखी झड़प से लेकर शहबाज़ के बिग बॉस पर भड़कने तक, 73वाँ दिन ड्रामा, भावनाओं और खुलासों से भरा रहा। अमाल, फरहाना और गौरव के बीच खेल की रणनीति और व्यक्तित्व को लेकर बहस हुई। फरहाना और अमाल ने सवाल किया कि क्या गौरव 'एक किरदार निभा रहे हैं', जिस पर गौरव ने पलटवार करते हुए कहा कि कोई भी तीन महीने तक चौबीसों घंटे अभिनय नहीं कर सकता। चर्चा जल्द ही दार्शनिक हो गई क्योंकि उन्होंने अपने जीवन के व्यक्तिगत संघर्षों और घर के अंदर अपनी प्रामाणिकता पर विचार किया। अमाल और गौरव की बातचीत विशेषाधिकार और अवसर पर तीखी बहस में बदल गई। जब गौरव ने कहा, 'जहाँ तुम्हारा संघर्ष शुरू होता है, वहाँ हमारी आकांक्षा है,' तो अमाल ने जवाब दिया, 'मेरे पिता, डब्बू मलिक असफल रहे - और मुझे यह स्वीकार करने में कोई दिक्कत नहीं है। हम रिवर्स नेपोटिज़्म की उपज हैं।' उन्होंने आगे बताया कि कैसे उनकी माँ के विश्वास ने उन्हें कठिनाइयों से उबारा, याद करते हुए कहा, 'जब मैं नौ साल का था, तो उन्होंने मुझसे कहा था - मेरा बेटा भारत के सबसे बड़े गायकों में से एक होगा।'



# 9 साल बड़े करोड़पति करण कुंद्रा की दुल्हनिया बनेगी तेजस्वी प्रकाश एक्ट्रेस ने शादी को लेकर किया बड़ा खुलासा

**तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा उन चंद जोड़ियों में से एक हैं जिनका बिग बॉस में रोमांस समय की कसौटी पर खरा उतरा है। यह जोड़ी, जो अभी भी मज़बूती से टिकी हुई है, 2026 में शादी करने की योजना बना रही है।**

तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा उन चंद जोड़ियों में से एक हैं जिनका बिग बॉस में रोमांस समय की कसौटी पर खरा उतरा है। यह जोड़ी, जो अभी भी मज़बूती से टिकी हुई है, 2026 में शादी करने की योजना बना रही है। तेजस्वी ने यह भी कहा कि करण 2022 में ही उनसे शादी करना चाहते थे, लेकिन उनकी माँ ने उन्हें 'इंतज़ार' करने के लिए कहा था। भारती टीवी के यूट्यूब चैनल पर, तेजस्वी ने याद किया कि जब करण बिग बॉस 15 के घर से बाहर आने के तुरंत बाद उनसे शादी करना चाहते थे, तो उनकी माँ ने क्या कहा था।

**तेजस्वी को करण में सबसे ज़्यादा क्या पसंद है?**


करण और तेजस्वी की मुलाकात सलमान खान के रियलिटी टीवी शो, बिग बॉस 15 के प्रतियोगी के रूप में हुई थी। झगड़ों और विवादों से भरे इस शो में, दोनों एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए। तब से वे एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में, अपने शो में, भारती ने तेजस्वी से पूछा कि उन्हें करण में सबसे ज़्यादा क्या पसंद है। तेजस्वी ने बताया कि उन्हें यह बहुत पसंद आया कि वीकेंड का वार एपिसोड में करण ने अपनी भावनाओं को खुलकर कैसे व्यक्त किया, जबकि वह अपनी भावनाओं को लेकर अनिश्चित थे। उन्होंने कहा कि उन्हें करण की यही बात सबसे ज़्यादा पसंद आई। भारती टीवी के यूट्यूब चैनल पर, तेजस्वी ने याद किया कि जब करण बिग बॉस 15 के घर से बाहर आने के तुरंत बाद उनसे शादी करना चाहते थे, तो उनकी माँ ने क्या कहा था। उन्होंने याद करते हुए कहा, 'तुम दोनों अभी बिग बॉस से बाहर आए हो। शायद तुम्हें असल दुनिया में एक साल एक-दूसरे के साथ बिताना चाहिए क्योंकि ऐसा नहीं है कि मुझे तुम पर (करण) शक है, लेकिन मैं अपनी बेटी को जानती भी नहीं हूँ। मुझे लगता है कि तुम दोनों को कुछ समय चाहिए।' तेजस्वी ने खुद को 'चंचल' बताया और कहा, 'जैसे, अगर मुझे प्यार हो जाता है, तो मैं सोचती हूँ, 'यही है।' तो मेरी माँ ने कहा, 'अपना समय लो।'

करन के प्यार में पड़ने के अपने अनुभव को याद करते हुए, तेजस्वी ने कहा, 'वह बहुत से लोगों से कहता था कि वह मुझे पसंद करता है। मैं उस तरह की इंसान हूँ जो मानती है कि अगर तुम मुझे पसंद करते हो, तो मुझे सीधे बता दो।' उन्होंने आगे कहा, 'शुरू में, मुझे नहीं पता था कि वह सचमुच मुझे पसंद करता है। मुझे लगा कि उसे मुझ पर क्रश है या कुछ और। इसलिए मैंने कहा, 'अगर वह सबके सामने कहेगा, तो मैं इस बारे में सोचूँगी।' और फिर वीकेंड का वार में, उसने सबके सामने कहा कि वह मुझे पसंद करता है, या ऐसा ही कुछ।'

**करण-अनुषा का रिश्ता**

करण और अनुषा दांडेकर 2020 में ब्रेकअप से पहले साढ़े तीन साल तक साथ रहे। 2016 से 2019 तक, उन्होंने रियलिटी शो एमटीवी लव स्कूल की सह-मेजबानी की, जिसमें उन्होंने जोड़ों को अपने मतभेदों को दूर करने में मदद की।

# राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 15 नवंबर को अपनी चौथी शादी की सालगिरह पर एक नन्ही परी का स्वागत किया



अभिनेता राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 15 नवंबर को अपनी चौथी शादी की सालगिरह पर एक नन्ही परी का स्वागत किया। इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर इस खुशखबरी की घोषणा करते हुए उसे इस खास मौके पर ईश्वर का दिया 'सबसे बड़ा आशीर्वाद' बताया।

अभिनेता राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 15 नवंबर को अपनी चौथी शादी की सालगिरह पर एक नन्ही परी का स्वागत किया। इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर इस खुशखबरी की घोषणा करते हुए उसे इस खास मौके पर ईश्वर का दिया 'सबसे बड़ा आशीर्वाद' बताया। नए माता-पिता ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के साथ खुशी-खुशी इस खबर की घोषणा की, जिसमें लिखा था, 'हम बेहद खुश हैं कि ईश्वर ने हमें एक नन्ही परी का आशीर्वाद दिया है... धन्य माता-पिता पत्रलेखा और राजकुमार।'

इस जोड़े ने 9 जुलाई को एक पेस्टल थीम वाले इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिए अपनी गर्भावस्था की घोषणा की। इसमें एक मुलायम फूलों की माला और एक पालना था, जिस पर 'बेबी ऑन द वे' लिखा था और नीचे उनके नाम, पत्रलेखा और राजकुमार, लिखे थे। राजकुमार ने इसे बस 'खुश' लिखा था। दोनों नवंबर 2021 से शादीशुदा हैं। उनकी मुलाकात उनकी फिल्म 'सिटीलाइट्स' (2014) के सेट पर हुई थी और दोनों में प्यार हो गया।

इससे पहले, हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में, पत्रलेखा ने कहा था, 'हम सोच रहे हैं कि बच्चे के आने के बाद, हमें न्यूज़ीलैंड के दक्षिणी हिस्से की यात्रा ज़रूर करनी चाहिए क्योंकि हमने वहाँ जाने का प्लान नहीं बनाया था। अब यह हमारी बकेट लिस्ट में है। शायद हम बच्चे के साथ बंजी जंपिंग या कुछ और मज़ेदार कर सकें।'

उसी इंटरव्यू में, 35 वर्षीय पत्रलेखा ने बताया कि न्यूज़ीलैंड की अपनी हालिया यात्रा के दौरान वह गर्भवती थीं। उन्होंने बताया कि तभी उन्हें एहसास हुआ कि राव एक पिता के रूप में कितने ज़िम्मेदार होंगे।

इसके अवाला राजकुमार राव अक्सर शाहरुख खान की इस सलाह पर चलते हुए 'अपनी हैसियत से बढ़कर' घर खरीदने की बात करते रहे हैं कि एक घर कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करने वाला होना चाहिए। आज, यही दर्शन आराम, रचनात्मकता और विरासत के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किए गए स्थानों में प्रतिध्वनित होता प्रतीत होता है।

**राजकुमार राव और पत्रलेखा के ट्रिपलेक्स के अंदर**

14वीं, 15वीं और 16वीं मंज़िल पर स्थित, यह ट्रिपलेक्स 11वीं और 12वीं मंज़िल पर स्थित उनके पुराने घर के ऊपर स्थित है, जो एक ऊर्ध्वाधर आश्रय स्थल बनाता है। 3,456 वर्ग फुट का यह लेआउट आधुनिक सौंदर्यशास्त्र को कला-प्रधान विवरणों के साथ मिश्रित करता है: रसीले बनावट, परिष्कृत रंग और विशिष्ट कलाकृतियाँ जो इस जोड़े की विविध संवेदनशीलताओं को प्रकट करती हैं।

ऊपरी मंज़िल एक परिष्कृत मनोरंजन क्षेत्र के रूप में भी काम करती है: एक ऐसी जगह जहाँ राजकुमार निर्देशकों की मेज़बानी करते हैं, पटकथाएँ सुनाते हैं, और अब, शायद, अपने बच्चों की तस्वीरें भी दिखाते हैं। भूतल, जो पढ़ने और चिंतन के लिए उनका पसंदीदा क्षेत्र है, जल्द ही एक ध्यानस्थ स्थान में बदल सकता है जहाँ काम और पितृत्व का सहज मिलन होगा।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682



मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170